**कार्यालय, रक्षा लेखा नियंत्रक, नं. 1, स्टाफ रोड, सिकंदराबाद - 009**
**OFFICE OF THE CONTROLLER OF DEFENCE ACCOUNTS**
No.1, STAFF ROAD, SECUNDERABAD-500009

**दूरभाष/TELE: 040-27843385** **फैक्स/FAX:040-27817275**

सं. हि0क0/2181/रा0भा0/बैठक दिनांक : 15.07.2022

विषय : 06/2022 को समाप्त तिमाही की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का कार्यवृत्त ।

*******

इस कार्यालय की 06/2022 को समाप्त तिमाही की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन दिनांक 30.06.2022 को दोपहर 12.00 बजे सम्मेलन कक्ष में किया गया । बैठक की अध्यक्षता श्री श्रीनिवास राज बेथम, भा.र.ले.से., रक्षा लेखा नियंत्रक महोदय ने की ।

बैठक में निम्नलिखित अधिकारियों तथा सदस्यों ने भाग लिया ।

| क्रम सं. | अधिकारी/सदस्य का नाम | पदनाम | बैठक में पद |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री श्रीनिवास राज बेथम, भा.र.ले.से. | रक्षा लेखा नियंत्रक | अध्यक्ष |
| 2. | श्रीमती एस. वत्सला, भा.र.ले.से. | रक्षा लेखा सहायक नियंत्रक | उपाध्यक्ष |
| 3. | श्रीमती बी.लक्ष्मी मुरलीकृष्णा | वरिष्ठ लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 4. | श्री के. रामनारायण चारी | वरिष्ठ लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 5. | श्री एम. शैलेन्दर कुमार | लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 6. | श्रीमती जे. माधवी | लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 7. | श्रीमती जी. अनुराधा | लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 8. | श्री के. रामकृष्णा | लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 9. | श्री पी. श्रीनिवास मूर्ति | लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 10. | श्री जी. श्रीनिवास मूर्ति | लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 11. | श्री यू. रवि कुमार | लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 12. | श्री पी.आर.सुब्बा राव | लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 13. | श्रीमती देवकी सुब्रमणियम् | वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी | सदस्य सचिव |
| 14. | सुश्री नेहा कश्यप | कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी | सदस्य |

सर्वप्रथम समिति के सभी सदस्यों का स्वागत किया गया और समिति की नए सदस्य श्री पी.आर.सुब्बा राव,लेखा अधिकारी और सुश्री नेहा कश्यप,कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी का परिचय दिया गया। तदुपरांत अध्यक्ष महोदय की अनुमति के साथ बैठक की कार्यवाही प्रारंभ हुई।

**<u>मद सं.1</u> - <u>दिनांक 30.03.2022 को आयोजित पिछली बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि तथा पिछली बैठक में लिये गये निर्णयों पर की गई अनुवर्ती कार्रवाई की समीक्षा :</u>**

सभी अधिकारियों एवं सदस्यों ने दिनांक 30.03.2022 को आयोजित बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि सर्वसम्मति से कर दी ।

इस कार्यालय में दिनांक 30.03.2022 को आयोजित रा.भा.का.स. की बैठक में लिये गये निर्णयों पर की गई कार्रवाई की समीक्षा मदवार निम्नानुसार है :-

1. **<u>हिंदी कार्यशाला का आयोजन :</u>** समिति को सूचित किया गया कि दिनांक 23 और 24 जून को दो दिवसीय ऑन-लाइन हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें स्थानीय छोटे उप-कार्यालयों के 15 कर्मचारियों ने भाग लिया ।

2. **<u>निरीक्षण:</u>** वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित लक्ष्यों के अनुसार 25% अधीनस्थ कार्यालयों और 25% अनुभागों का निरीक्षण किया जाना अपेक्षित है। इसी क्रम में वर्ष 2022-2023 के दौरान र.ले.नि. महोदय द्वारा अनुमोदित निरीक्षण कार्यक्रम के अनुसार तीन उप-कार्यालयों का राजभाषा निरीक्षण जुलाई, 2022 में किए जाने हेतु नियंत्रक महोदय द्वारा अनुमोदित किया गया है और शीघ्र ही यह निरीक्षण पूरा कर लिया जाएगा ।

3. **<u>हिंदी शिक्षण योजना के अधीन प्रशिक्षण</u>** - नियंत्रक महोदय द्वारा अनुमोदन के उपरांत हिंदी शिक्षण योजना के अधीन हिंदी पारंगत प्रशिक्षण के लिए 35 अधिकारियों/कर्मचारियों को नामित किया गया है जिनकी अंतिम परीक्षा मई, 2022 में आयोजित की गई । अभी इस परीक्षा के परिणाम प्रतीक्षित हैं । जुलाई से नवंबर, 2022 के सत्र के लिए नामांकन की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है और शीघ्र ही हिंदी पारंगत की ऑन-लाइन कक्षाएँ आरंभ हो जाएंगी ।

4. **<u>मुख्यालय कार्यालय के नियमित निरीक्षण हेतु तैयारी</u>** - मुख्यालय कार्यालय द्वारा प्रत्येक चार वर्ष के अंतराल में नियमित निरीक्षण कार्यक्रम को ध्यान में रखते हुए पिछली बैठक के दौरान सभी अनुभागों को एक परिपत्र जारी करने का निदेश दिया गया था जिसमें राजभाषा संबंधी सभी आवश्यकताओं को पूरा करने का आदेश दिया गया हो । इस आशय का एक परिपत्र अप्रैल माह के पहले सप्ताह में ही जारी कर दिया गया है ।

5. **<u>राजभाषा कैडर के रिक्त पदों के लिए मुख्यालय कार्यालय को पत्र भेजा जाना</u>** - पिछली बैठक में यह सुझाव दिया गया था कि लम्बे समय से राजभाषा कैडर के रिक्त पड़े पदों के लिए ग्रूप अधिकारी (प्रशा) के हस्ताक्षर के साथ मुख्यालय कार्यालय को एक पत्र भेजा जाए । इस संबंध में प्रशासन अनुभाग द्वारा सूचित किया गया कि दो कनिष्ठ अनुवाद अधिकारियों के डोज़ियर प्राप्त हो गए हैं और शीघ्र ही दोनों उम्मीदवार विभाग में प्रवेश ले लेंगे । अत: फिलहाल मुख्यालय कार्यालय को कोई पत्र नहीं भेजा गया है ।

**<u>मद सं. 2</u> - <u>पिछली दो तिमाहियों 12/2021 तथा 03/2022 की हिंदी की तिमाही प्रगति रिपोर्टों की तुलनात्मक समीक्षा :</u>**

मुख्य कार्यालय की पिछली दो तिमाहियों 12/2021 तथा 03/2022 की तिमाही प्रगति रिपोर्टों के आंकडों की तुलनात्मक समीक्षा निम्नानुसार है :-

(1) <u>धारा 3(3) के अधीन जारी किये गये कार्यालय आदेश भाग 1, कार्यालय आदेश भाग 2, परिपत्र आदि</u> :

| तिमाही का नाम | कुल जारी | द्विभाषी | अंग्रेज़ी |
|---|---|---|---|
| 12/2021 | 208 | 208 | शून्य |
| 03/2022 | 136 | 136 | शून्य |

(2) <u>हिंदी पत्राचार की स्थिति</u> :

| तिमाही का नाम | हिंदी पत्रों की संख्या | अंग्रेज़ी पत्रों की संख्या | हिंदी पत्रों का प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 12/2021 | 9174 | 992 | 90.24% |
| 03/2022 | 7944 | 1464 | 84.43% |

सदस्य सचिव ने सूचित किया कि ट्यूलिप के माध्यम से चेक-स्लिप, पंचिंग माध्यम और रिजेक्शन मेमो द्विभाषी रूप से जारी किए जा रहे हैं और उनके आंकड़े भी हिंदी पत्राचार में शामिल किए जा रहे हैं, अत: हिंदी पत्राचार के प्रतिशत में बढ़ौतरी दिखाई दे रही है ।

**<u>मद सं. 3 - रक्षा लेखा महानियंत्रक, नई दिल्ली के कार्यालय से प्राप्त महत्वपूर्ण पत्रों / परिपत्रों पर कार्रवाई की समीक्षा</u>** - समिति को अवगत कराया गया कि जून, 2022 को समाप्त तिमाही में रक्षा लेखा महानियंत्रक कार्यालय से केवल एक पत्र प्राप्त हुआ है जो मुख्यालय कार्यालय में 03/2022 को समाप्त तिमाही में आयोजित राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का कार्यवृत्त है । इसमें विशेष रूप से इस कार्यालय से कोई कार्रवाई अपेक्षित नहीं थी ।

**<u>मद सं. 4</u> - <u>वार्षिक कार्यक्रम पर चर्चा</u>** - समिति के सदस्यों को बताया गया कि राजभाषा विभाग द्वारा जारी वर्ष 2022-2023 का वार्षिक कार्यक्रम इस कार्यालय में प्राप्त हो गया है और वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित लक्ष्यों को सभी अनुभागों और अधीनस्थ कार्यालयों को एक परिपत्र के माध्यम से परिचालित कर दिया गया है । समिति को सूचित किया गया कि इस संगठन द्वारा वार्षिक कार्यक्रम के लगभग सभी लक्ष्यों को प्राप्त कर लिया गया है । हिंदी प्रशिक्षण के लिए भविष्य में केवल हिंदी पारंगत प्रशिक्षण ही शेष रहने की संभावना है जिसे जल्द से जल्द पूरा करने का प्रयास किया जाएगा ।

समिति को सूचित किया गया कि वर्तमान में निम्नांकित मदों पर संगठन द्वारा लक्ष्य-प्राप्ति की स्थिति निम्नानुसार है :

| क्रम सं. | विवरण | निर्धारित लक्ष्य | प्राप्त लक्ष्य |
|---|---|---|---|
| 1. | हिंदी पत्राचार | 55% | 74.34% |
| 2. | हिंदी में टिप्पण | 30% | 63,27% |
| 3. | हिंदी प्रशिक्षण | 100% | 100% |

**<u>मद सं. 5</u> - <u>संगठन में हिंदी संवर्ग की समीक्षा</u>** :

इस संगठन में हिंदी संवर्ग की स्थिति निम्नानुसार है :

| क्रम सं. | पद | प्राधिकृत | तैनात | रिक्त |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सहायक निदेशक (रा.भा) | 02 | शून्य | 02 |
| 2. | वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी | 02 | 01 | 01 |
| 3. | कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी | 01 | 01 | शून्य |
| 4. | हिंदी टंकक | 02 | शून्य | 02 |

**<u>मद सं. 6</u> - <u>अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अधिकारियों/सदस्यों की ओर से अन्य कोई विषय/सुझाव</u>** :

(1) श्रीमती एस. वत्सला, सहायक नियंत्रक ने कहा कि मुख्यालय कार्यालय के निदेशानुसार ई-ऑफिस के माध्यम से कार्यालय टिप्पणियाँ प्रस्तुत की जा रही है जिसकी शुरुवात प्रशा/वेतन अनुभाग से की गई है । इन टिप्पणियों को द्विभाषी रूप में बनाकर प्रयोग किया जा सकता है । भविष्य में जब अन्य अनुभागों से भी ई-ऑफिस के माध्यम से टिप्पणियाँ प्रस्तुत की जाएंगी, उन्हें भी द्विभाषी बनाया जा सकता है ।

(2) सदस्य सचिव ने यह सुझाव दिया कि इस वर्ष समाचार-पत्र और पत्रिकाओं के स्थान पर कुछ ज्ञानवर्धक पुस्तकों को खरीदा जाए जिससे राजभाषा विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके । ग्रूप अधिकारी (प्रशा) ने इस संबंध में एक प्रस्ताव प्रस्तुत करने का कहा ।

धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक का समापन हुआ ।

रक्षा लेखा नियंत्रक महोदय ने देख लिया है ।

**हस्ता/-**
**(एस. वत्सला)**
**रक्षा लेखा सहायक नियंत्रक (प्रशा)**

सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित :-

1. सहायक निदेशक (राजभाषा), कार्यालय, रक्षा लेखा विभाग (मुख्यालय), पालम, दिल्ली छावनी।
2. सहायक निदेशक (राजभाषा), राजभाषा अनुभाग, रक्षा मंत्रालय (वित्त प्रभाग), नई दिल्ली ।
3. सचिव,नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (का-3), एन.जी.आर.आई., उप्पल रोड, हैदराबाद ।
4. क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय, कोरमंगला, बेंगलूर ।
5. सभी अधिकारी / सदस्य (उनके नाम से)
6. सभी प्रभारी अधिकारी, सभी अधीनस्थ कार्यालय (मानक सूची के अनुसार)/ सभी अनुभाग (स्थानीय)

**हस्ता/-**
**(के. रामकृष्णा)**
**लेखा अधिकारी (प्रशा)**